Press Release

TATA POWER-DDL

**मंगलवार, 15 मार्च, 2022** **तत्काल प्रकाशन हेतु**
**नई दिल्ली**

# टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने मज़बूत ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए बैटरी स्मार्ट के साथ की भागीदारी

- *दिल्ली में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के ऑपरेशनल एरिया में विभिन्न स्थानों पर स्वैप स्टेशन स्थापित किए जाऐंगे*
- *शहर में बढ़ते टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर मार्केट की जरूरतें पूरी होगी*
- *इस पहल से दिल्ली सरकार के #SwitchDelhi कैंपेन में सहयोग मिलेगा*

भारत की अग्रणी पावर डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने, जो कि उत्तरी दिल्ली में 7 मिलियन की आबादी को बिजली सप्लाई करती है, भारत के सबसे बड़े और सबसे तेज़ से बढ़ रहे बैटरी-स्वैपिंग नेटवर्क बैटरी स्मार्ट के साथ भागीदारी की घोषणा की है। इस भागीदारी के चलते, वर्ष 2022 में उत्तरी दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर टू-व्हीलर्स और थ्री-व्हीलर्स के लिए स्वैप स्टेशन स्थापित किए जाऐंगे।

भारत में ईवी मार्केट तेज़ी से बढ़ रहा है। इस भागीदारी से स्वैप पॉइंट तक लोगों को आसान पहुंच देकर देश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तरफ़ ले जाने की दोनों कंपनियों की प्रतिबद्धता को पूरा करने में सहायता मिलेगी। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड की विशाल पावर कैपेसिटी और व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर से बैटरी स्मार्ट को बढ़ते इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर मार्केट की ज़रूरत को पूरा करने के लिए प्रमुख जगहों पर हाई-कैपेसिटी स्वैप स्टेशन लगाने की सुविधा मिलेगी। आजादपुर, राजधानी के सबसे व्यस्त बाज़ारों में से एक, में पहला स्वैप स्टेशन चालू हो चुका है।

**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के चीफ़ कमर्शियल, कंस्यूमर एक्सपीरियंस एवं सोशल इम्पैक्ट ग्रुप, द्विजदास बसाक** ने कहा, *"बैटरी स्मार्ट के साथ हमारी भागीदारी भारत*

*में ईवी रेवोलुशन लाने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। स्वैपिंग स्टेशन के ज़रिए ग्राहकों को सामान्य ईंधन भरने जैसी ही आसानी और सुविधा मिलेगी। यह भागीदारी स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त दिल्ली बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है। हम क्लीन मोबिलिटी की तरफ़ बढ़ने के अपने सामूहिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे।"*

**बैटरी स्मार्ट के को-फाउंडर, सिद्धार्थ सिक्का** ने कहा, *"भारत में ईवी को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन के साथ मिलकर काम करने को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। यह हमारे लिए ऐतिहासिक मौका है, क्योंकि हम पिछले जुलाई के बाद से 10 गुना की दर से विकास कर रहे हैं। इस भागीदारी से हमें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच मिलने के साथ ही बिजली की ज़रूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी। "*

पूरी दिल्ली में स्वैप पॉइंट्स का विशाल नेटवर्क खड़ा करके, टाटा पावर-डीडीएल और बैटरी स्मार्ट किफायती तथा कम लागत वाले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स और थ्री -व्हीलर्स के ज़रिए राजधानी के 'स्विच दिल्ली' कैंपेन में सहयोग कर रहे हैं। यहां टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर मिनटों में बैटरी स्वैप कर सकते हैं और चाहे जितनी दूरी तक अपने वाहनों को चला सकते हैं। इससे पर्यावरण अनुकूल अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी सहयोग मिलेगा।

**बैटरी स्मार्ट के बारे में:**

बैटरी स्मार्ट इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स और थ्री-व्हीलर्स के लिए भारत का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला बैटरी-स्वैपिंग नेटवर्क तैयार कर रही है। कंपनी को सीरियल इंटरप्रेन्योर्स और आईआईटी-कानपुर से पढ़े पुलकित खुराना और सिद्धार्थ सिक्का ने मिलकर स्थापित किया है। इन दोनों का लक्ष्य प्रत्येक एक वर्ग किलोमीटर इलाके में एक स्वैपिंग स्टेशन तैयार करके वर्ष 2025 तक 17 बिलियन डॉलर के स्वैपिंग बाजार में मज़ूबत उपस्थिति बनाने का है। बैटरी स्मार्ट जून 2020 में शुरू हुई थी। कंपनी अनोखे भागीदार आधारित मॉडल के ज़रिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आसान, किफायती और सुलभ बनाकर ईवी क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने का प्रयास कर रही है। अधिक जानकारी के लिए देखें:https://www.batterysmart.in/

**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के बारे में:**

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) प्रमुख डिस्कॉम है जो इंफॉरमेशन एवं ऑपरेशनल टैक्नोलॉजी सेवाओं की मदद से, नॉर्थ दिल्ली में करीब 70 लाख की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। कंपनी ने देश की राजधानी में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। यह देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की सार्वजनिक-निजी साझेदारी वाली संयुक्त उपक्रम कंपनी है। और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com/

**चित्र कैप्शन-** श्री द्विजादास बसाक, चीफ- कमर्शियल, कंज्यूमर एक्सपीरियंस एंड सोशल इम्पैक्ट ग्रुप, टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड और श्री सिद्धार्थ सिक्का, सह-संस्थापक, बैटरी स्मार्ट, पीतमपुरा, नई दिल्ली में बैटरी स्वैप प्वाइंट के उद्घाटन के अवसर पर।


**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

**कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स:**

सोनिया सरीन (9910292599)

वसुधा (7042902779)

**मैडिसन पीआर:**

वरुण भारद्वाज (9599994592)